रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-25062022-236806
CG-DL-W-25062022-236806

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 15] नई दिल्ली, जून 19— जून 25, 2022, शनिवार/ ज्येष्ठ 29— आषाढ़ 4, 1944
No. 15] NEW DELHI, JUNE 19—JUNE 25, 2022, SATURDAY/JYAISTHA 29–ASADHA 4, 1944

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश
Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence

## रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, 14 जून, 2022

**का.नि.आ. 37.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तकनीकी काडर भर्ती नियम, 2000 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तकनीकी काडर भर्ती (संशोधन) नियम, 2022 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तकनीकी काडर भर्ती नियम, 2000 की अनुसूची-2 के स्थान पर, निम्नलिखित अनुसूची रखी जाएगी, अर्थात्:-

**"अनुसूची – 2**

**(नियम 5 के उप-नियम (4) और (5) और नियम 9 देखें)**

| रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तकनीकी काडर के प्रवर्ग 'क' की श्रेणी 1 और प्रवर्ग 'ख' की श्रेणी 1 पर सीधी भर्ती और सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (सी.वी.प्र.प.) के माध्यम से भर्ती के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं तथा आयु सीमा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| क्रम सं. | श्रेणी | पद का नाम | शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | | आयु सीमा |
| | | | उस पद के लिए जिसमें वैज्ञानिक या तकनीकी विषयों में अर्हताएं अपेक्षित हैं | उस पद के लिए जिसमें पुस्तकालय विज्ञान या सूचना विज्ञान और प्रलेखीकरण में अर्हताएं अपेक्षित हैं | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | प्रवर्ग - क की श्रेणी 1 | तकनीकी 'क' | <u>**आवश्यक:**</u><br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य; तथा<br>(ii) अपेक्षित विधा विशेष में किसी मान्यताप्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रमाण पत्र;<br>या<br>यदि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उस विधा विशेष में प्रमाणपत्र नहीं दिया जाता है तो किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से अपेक्षित विधा विशेष में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का प्रमाण पत्र;<br>या<br>अपेक्षित विधा विशेष में राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र;<br>या<br>अपेक्षित विधा विशेष में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र। | | 18 से 28 वर्ष के बीच (सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और सरकारी सेवकों के लिए शिथिल की जा सकती है। एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में और एक प्रवर्ग से दूसरे प्रवर्ग में प्रोन्नति के लिए कोई आयु सीमा नहीं होगी।) |
| 2. | प्रवर्ग - ख की श्रेणी 1 | ज्येष्ठ तकनीकी सहायक | विज्ञान में बैचलर डिग्री<br>या<br>अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद | विज्ञान में डिग्री सहित पुस्तकालय विज्ञान में न्यूनतम 01 वर्ष का | यथोवत |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 'ख' | (एआईसीटीई) द्वारा मान्यताप्राप्त अपेक्षित विधा विशेष में इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या कंप्यूटर विज्ञान या सहबद्ध विषयों में डिप्लोमा,<br>या<br>चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी (एमएलटी) में विज्ञान का स्नातक (बीएससी) अथवा विज्ञान विषयों में 10+2 और केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 02 वर्ष का डिप्लोमा तथा किसी चिकित्सा प्रयोगशाला में संबंधित क्षेत्र में 01 वर्ष का अनुभव। | डिप्लोमा | |

[फा. सं. डीएचआरडी/76237/डीआरटीसी/का.नि.आ./सी/एम/01/21/582/डी(आर एंड डी]

हर्षा रानी, अवर सचिव

**पाद टिप्पण:-** मूल नियम भारत के राजपत्र, भाग II, खंड 4 में का.नि.आ.-296 तारीख 05 दिसंबर 2000 को प्रकाशित किए गए थे और निम्नलिखित अधिसूचना संख्या द्वारा संशोधित किए गए थे:-

1. का.नि.आ. 50, तारीख 12-02-2002
2. का.नि.आ. 147, तारीख 28-06-2002
3. का.नि.आ. 33, तारीख 29-02-2008
4. का.नि.आ. 13, तारीख 20-01-2014
5. का.नि.आ. 70, तारीख 31-10-2014
6. का.नि.आ. 76, तारीख 02-08-2017
7. का.नि.आ. 36, तारीख 27-04-2018

**MINISTRY OF DEFENCE**

New Delhi, the 14th June, 2022

**S.R.O. 37.—**In exercise of powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Defence Research and Development Organisation Technical Cadre Recruitment Rules, 2000, namely :-

**1. Short title and commencement**

(1) These rules may be called the Defence Research and Development Organisation Technical Cadre Recruitment (Amendment) Rules, 2022.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2.** In the Defence Research and Development Organisation Technical Cadre Recruitment Rules, 2000, for Schedule II, the following Schedule shall be substituted, namely:-

**"SCHEDULE II**

**(See Sub-rules (4) and (5) of rule 5, and rule 9)**

| Educational and other qualifications and age limit for direct recruitment and recruitment through Limited Departmental Competitive Examination (LDCE) to Grade 1 of Category-A and Grade 1 of Category-B of Defence Research & Development Organization Technical Cadre. | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| Sl. No. | Grade | Name of post | Educational and other qualifications | | Age limit |
| | | | For post requiring qualifications in Scientific or Technical Subjects | For post requiring qualifications in Library Science or Information science and Documentation | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | Grade 1 of Category-A | Technician 'A' | **Essential**<br>(i) Xth Class pass or equivalent from a recognised Board or Institute; and<br>(ii) Certificate from a recognised Industrial Training Institute in the required discipline;<br>Or<br>Certificate of minimum one year duration from a recognised Institution in the required discipline if the Industrial Training Institutes do not award Certificate in that discipline<br>Or<br>National Trade Certificate in the required discipline;<br>Or<br>National Apprenticeship Certificate in the required discipline. | | Between 18 to 28 yrs (relaxable for Scheduled Caste, Schedule Tribes, Other Backward Classes, Ex-Servicemen and Government servants as per orders of the Government issued from time to time. There shall be no age limit for promotion from one grade to another and from one category to another). |
| 2. | Grade 1 of Category- | Senior Technical | Bachelor's degree in Science<br>Or | Degree in Science with minimum 01 | -do- |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | B | Assistant 'B' | Diploma in Engineering or Technology or Computer Science or allied subjects, recognised by All India Council for Technical Education (AICTE), in the required discipline<br>Or<br>Bachelor of Science (B.Sc) in Medical Laboratory Technology (MLT) or 10+2 with Science subjects and minimum 02 year Diploma in Medical Laboratory Technology recognised by Central Government or State Government with 01 year relevant experience in a Medical Laboratory | year diploma in Library Science | |

.

[F. No. DHRD/76237/DRTC/SRO/C/M/01/21/582/D(R&D)]

HARSHA RANI, Under Secy.

**Foot Note :-** The Principal rules were published in the Gazette of India, Part II, Section 4, vide S.R.O.- 296 dated 05 Dec 2000 and amended vide notification numbers :-

1. S.R.O. 50, dated 12-02-2002
2. S.R.O. 147, dated 28-06-2002
3. S.R.O. 33, dated 29-02-2008
4. S.R.O. 13, dated 20-01-2014
5. S.R.O. 70, dated 31-10-2014
6. S.R.O. 76, dated 02-08-2017
7. S.R.O. 36, dated 27-04-2018

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2022.06.25 12:01:20 +05'30'